प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा **अध्यासित गौरव अग्रवाल** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **59 / 2026** (अपील सूचना का अधिकार)
Mridul Purohit Add: 6/129,Khandu colony, Banswara, Raj.

..............**अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर(प्रशा.), उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 24/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329195328020372 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 18.01.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर जिला कलक्टर उदयपुर के आदेश क्रमांक प.12 / 3 / परि / हस्ता. / 09 / 5184–93 दिनांक 30.06.2015 से संबंधित सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 3614935018 दिनांक 24.02.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर / सू.अ.2005 / प्रथम अपील / 59 / 62 / 369–70 दिनांक 24.02.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.) उदयपुर ने जरिये पत्राक प. / 41 / 2 / सू.अ / प्र.अ.स. / 59 / 26 / 564–65 दिनांक 17.03.2026 से जवाब प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया गया कि प्रार्थी द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 18.01.2026 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। वांछित सूचना राजस्व अनुभाग द्वारा पत्रांक 577 दिनांक 10.03.2026 से इस अनुभाग को प्रेषित की गई जो कि प्रार्थी द्वारा स्वयं व्यक्तिशः कार्यालय में उपस्थित होकर सूचना प्राप्त कर ली गई है। अतः प्रथम अपील निस्तारित करने की कृपा करावें।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी द्वारा स्वयं लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.) उदयपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर ली गई है। ऐसी स्थिति में अपील में अब किसी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.24 14:01:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21782170
M e-Sign